### भोपाल के टिंबर मार्केट में लगी आग, डेढ़ घंटे में बुझी

भोपाल। भोपाल शहर के बीचोंबीच टिंबर मार्केट में रविवार को फिर आग लग गई। लकड़ी की एक दुकान में लगी आग इतनी भीषण थी कि लपटें 20 फीट तक ऊपर उठ गई। इसके ठीक पीछे रेलवे ट्रैक है। जहां से ट्रेनें गुजरती रहीं। तेज हवा की वजह से डेढ़ घंटे में आग काबू आ पाई। आग लगने की घटना दोपहर करीब 2 बजे की है। बरखेड़ी ऑटो स्टैंड के पास टिंबर दुकान में आग लग गई। धीरे-धीरे आग तेजी से फैलती गई। दमकल की मदद से उसे बुझाया जा सका। प्रत्यक्षदर्शी आरिफ मिर्जा ने बताया कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगना सामने आया है। टीन शेड पर बिजली का करंट फैल गया था। ऐसे में बिजली कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कनेक्शन कट किया। वहीं, दमकल भी मौके पर पहुंची।

### भोपाल के अर्जुन नगर से हटाई 38 झुग्गियां

**भोपाल।** भोपाल के अयोध्या बायपास को 10 लेन में बदला जा रहा है। इस प्रोजेक्ट में कई दुकानें, मकान, धार्मिक स्थल और सरकारी भवन बाधा बन रहे हैं। जिन्हें हटाया जा रहा है। रविवार को अर्जुन नगर से कुल 38 पक्की झुग्गियां हटाई गई हैं। यहां रह रहे परिवारों को जमुनिया ग्राम पंचायत के गांव लालपुरा में शिफ्ट किया गया है। गोविंदपुरा एसडीएम भुवन गुप्ता ने बताया कि झुग्गी में रह रहे परिवारों को पहले ही नोटिस दिए जा चुके थे। वहीं, शनिवार को अनाउंसमेंट भी किया था। इसके चलते कई लोगों ने स्वैच्छा से अपने मकान खाली कर दिए थे।

# प्रदेश में सभी तरह के उद्योगों की स्थापना पर जोर, युवाओं के लिए रोजगार प्राथमिकता: मुख्यमंत्री






**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सभी तरह के उद्योगों की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार युवाओं के लिए रोजगार को प्राथमिकता देते हुए किसानों, महिलाओं और गरीबों के साथ सभी वर्गों के कल्याण के लिए सक्रिय है। पर्यटन और पशुपालन के क्षेत्र में प्रदेश महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त करेगा। गुना क्षेत्र में सीमेंट निर्माण इकाई से डेढ़ हजार लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। अडाणी समूह की ओर से 32 हैक्टेयर भूमि पर इस इकाई की स्थापना के फलस्वरूप 4 मिलीयन टन सीमेंट उत्पादन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को गुना जिले में अंम्बुजा सीमेंट फैक्ट्री के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने औद्योगिक विकास, अधोसंरचनात्मक सुदृढ़ीकरण और रोजगार सृजन को नई गति देने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन विकास कार्यों से गुना जिले में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा आमजन को बेहतर सेवाओं का लाभ मिलेगा। प्रदेश का ग्वालियर और चंबल अंचल कभी डकैतों की गोलियों से गूंजता था, अब यहां विकास का परचम लहरा रहा है। अब यहां दस्युओं के स्थान पर प्रगति पहचान का माध्यम बनी है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की महत्वपूर्ण घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय इस क्षेत्र के विकास के लिए सिंधिया परिवार द्वारा पहल की गई थी। अब केंद्र और राज्य सरकार मिलकर विकास को गति दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया द्वारा दिए गए सुझावों को मानते हुए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इनमें गुनिया नदी के पुनर्जीवन के लिए 80 करोड़ 22 लाख राशि का प्रस्ताव भारत सरकार की जल शक्ति योजना में भेजने, लक्ष्मण कोपरा से राम नगर टकोदिया तक पहुंच को आसान बनाने के लिए पार्वती नदी पर 42 करोड़ रुपए की लागत से ब्रिज निर्माण और गुना शहर के भुजारिया तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 25 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत करने की घोषणा शामिल है। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए मुख्यमंत्री डा. यादव परिश्रम और निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। गुना के विकास के लिए नई दीप माला प्रज्ज्वलित हो रही है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि गुना क्षेत्र में सीमेंट इकाई की स्थापना एक ऐतिहासिक कदम है। यह कार्य बहुप्रतिक्षित था। उन्होंने लगभग सौ वर्ष पूर्व सिंधिया परिवार द्वारा इस क्षेत्र में किए गए औद्योगीकरण के प्रयासों का उल्लेख भी किया। श्री सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार उद्योगों की स्थापना के लिए लगातार कार्य कर रही है, जिससे गुना के युवाओं को अन्य प्रांतों में रोजगार तलाशने नहीं जाना पड़ेगा। बहनों को भी लखपति दीदी बनाकर समृद्धि का लाभ दिलवाया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज कूनो में दो मादा चीतों को खुले जंगल में करेंगे मुक्त

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 मई सोमवार को श्योपुर में कूनो नेशनल पार्क के क्वारंटीन बाड़े से दो मादा चीतों को सुबह कूनो नदी के समीप स्थित साइट से खुले जंगल में मुक्त करेंगे। साथ ही कूनो नेशनल पार्क का भ्रमण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दो चीतों को खुले जंगल में छोड़े जाने का यह कार्यक्रम 'प्रोजेक्ट चीता' को नई गति प्रदान करेगा तथा भारत के वन्यजीव संरक्षण इतिहास में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा। बोत्सवाना से लाए गए नौ चीतों ने अपनी क्वारंटीन अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है। इसके बाद उन्हें छोटे बाड़ों में रखा गया था, ताकि वे स्वयं को स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप ढाल सकें। अब इनमें से दो चीतों को पूर्णतः खुले जंगल में मुक्त किये जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रोजेक्ट चीता का उद्देश्य प्रदेश से लुप्त हुये चीतों की प्रजाति को पुनर्स्थापित करना, उनकी संख्या में वृद्धि करना और उन्हें स्वतंत्र रूप से शिकार और विचरण के लिए तैयार करना है। फरवरी 2026 के अंत में बोत्सवाना से नौ नए चीते कूनो नेशनल पार्क लाए गए थे। इनमें 6 मादा और 3 नर शामिल हैं। इन चीतों के आगमन के साथ भारत में चीतों की कुल संख्या, देश में जन्मे शावकों सहित, बढ़कर 57 हो गई है। यह 'प्रोजेक्ट चीता' के अंतर्गत तीसरा बड़ा अंतर्राष्ट्रीय चरण है। नामीबिया से 17 सितंबर 2022 को 8 चीते भारत लाए गए थे, जबकि वर्ष 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते कूनो पहुंचे थे। बोत्सवाना से आए चीतों को भारतीय वायुसेना के विशेष विमान के माध्यम से ग्वालियर लाया गया था। यहां से उन्हें हेलीकॉप्टर द्वारा कूनो नेशनल पार्क पहुंचाया गया। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि बोत्सवाना से आए चीते अधिक जेनेटिक विविधता लेकर आए हैं।

## ऊर्जा मंत्री तोमर ने रात में किया सिविल अस्पताल हजीरा, बिरला नगर सहित विद्युत केन्द्रों का औचक निरीक्षण



**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शनिवार देर रात अचानक निरीक्षण के लिए निकल पड़े। विद्युत उपकेन्द्र मोतीझील और बहोड़ापुर पहुंचे जहां उन्होंने विद्युत वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मेंटेनेंस, विद्युत सप्लाई और शिकायतों के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपकेंद्र कार्यालय का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों से बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हालात सुधार लें अन्यथा अगली बार सिर्फ चेतावनी नहीं दूंगा, सीधे कार्यवाही होगी। ऊर्जा मंत्री तोमर रात में ही अचानक सिविल अस्पताल हजीरा पहुंचे। निरीक्षण के दौरान गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में गर्मी के बीच एसी बंद मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अस्पताल प्रबंधन को एसी दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। मंत्री तोमर ने दो टूक कहा कि अति-संवेदनशील वार्डों में इस तरह की लापरवाही ठीक नहीं है। उन्होंने मौके से ही अस्पताल प्रभारी डा. प्रशांत नायक को फोन लगाकर तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मंत्री तोमर ने केवल मशीनों का ही नहीं, बल्कि मानव संसाधन का भी जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर से सवाल किया कि रात के समय अस्पताल में कितना स्टाफ तैनात रहता है। इमरजेंसी में बैकअप की क्या तैयारी है। क्या सभी जरूरी जीवन रक्षक दवाएं स्टाक में उपलब्ध हैं। ऊर्जा मंत्री तोमर ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने सिविल अस्पताल एवं प्रसूति गृह बिरला नगर का भी औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और उपस्थित चिकित्सकों व स्टाफ से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री ने वार्डों में जाकर उपचाराधीन मरीजों एवं उनके परिजनों से आत्मीय भेंट की। उनकी कुशलक्षेम और अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं के संबंध में जमीनी हकीकत को जाना।

### तीन करोड़ से अरहेड़ी में बनेगी सड़क विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया शुभारंभ

## गांव गांव तक शहर जैसा विकास पहुंचाना मेरा संकल्प: रामेश्वर शर्मा

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**



रविवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा किया। इस दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा ने अरहेड़ी में लगभग 3 करोड़ की लागत से बनने वाले सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह सड़क लोक निर्माण विभाग द्वारा बनायी जाएगी। बहुप्रतीक्षित इस सड़क निर्माण से इस पूरे क्षेत्र में बड़ी राहत मिलेगी। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा की हुजूर विधानसभा के गांव गांव तक शहर जैसा विकास पहुंचाना मेरा संकल्प है। इसलिए गांवो में पक्की और मजबूत सड़कों का निर्माण जल जीवन मिशन से पेय जल का नेटवर्क बिछाया जा रहा है। हर घर को नल से जल के साथ साथ सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। शर्मा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ग्रामोदय से भारत उदय के संकल्प को हम सभी को मिलकर पूरा करना है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में विकास और कल्याण के कार्य बहुत तेजी से किए जा रहे है।

#### तीन करोड़ से सुखी सेवनिया में बनेगा नवीन स्कूल भवन विधायक शर्मा ने क्या निरीक्षण

रविवार की विधायक रामेश्वर शर्मा ने सुखी सेवनिया में लगभग 3 करोड़ की लागत से बनने वाले नवीन स्कूल भवन के निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण किया। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा की स्कूल भवन के साथ साथ खेल मैदान का भी निर्माण किया जाए ।



#### पांच करोड़ से बगरोदा में अटल बिहारी वाजपेयी व्यवसायिक परिसर

विधायक रामेश्वर शर्मा ने ग्राम बागरोदा में अटल बिहारी वाजपेयी व्यवसायिक परिसर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। हुजूर विधानसभा की ग्राम पंचायतो को आर्थिक एवं रोजगार संपन्न बनाने के उद्देश्य से व्यवसायिक परिसरों का निर्माण कराया जा रहा है। यह व्यावसायिक परिसर पंचायतों में विकास एवं आर्थिक संपन्न बनायेंगे।

#### रापड़िया में 25 लाख से संजीवनी क्लिनिक का होगा निर्माण

वार्ड 85 के ग्राम रापड़िया में 25 लाख की लागत से बनने वाले संजीवनी क्लिनिक के निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधायक रामेश्वर शर्मा ने किया।


### आम सूचना/नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम गुड्डा राय आ. जमना लाल आयु वयस्क निवासी ग्राम ढाडॉन, पोस्ट आमखेडा, सूखा, तहसील नटेरन, जिला विदिशा (म.प्र.) है। परन्तु मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम राधिका बाई पुत्री गुड्डा राय (RADHIKA BAI D/O GUDDA RAO) अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरी पुत्री का वास्तविक सही नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेजो में दर्ज होने से प्रमाणित है।

प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का नाम रोशनी राय पुत्री गुड्डा राय (ROSHNI RAY D/O GUDDA RAY) के नाम से जाना, पहचाना व पढा जावें।

**पुराना नाम-राधिका बाई पुत्री गुड्डा राय (RADHIKA BAI D/O GUDDA RAO)**

**नया नाम-रोशनी राय पुत्री गुड्डा राय (ROSHNI RAY D/O GUDDA RAY)**

### आम सूचना नाम परिवर्तन

मैं, बबीता राजपूत पत्नी श्री उपेन्द्र आयु वयस्क, निवासी-ग्राम बोरास, तह. उदापुरा, जिला रायसेन, म.प्र. है। परन्तु मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश नवीता बाई पत्नी श्री उपेन्द्र (NAVEETA BAI W/O UPENDRA) अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक सही नाम बबीता राजपूत पत्नी श्री उपेन्द्र (BABITA RAJPUT W/O UPENDRA) है जो कि मेरे मूल निवासी प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेजो में दर्ज होने से प्रमाणित है, जो कि मैं अपने आधार कार्ड में दर्ज करवाना चाहती हूँ।

प्रकाशन उपरांत मेरा नाम बबीता राजपूत पत्नी श्री उपेन्द्र (BABITA RAJPUT W/O UPENDRA) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जावे।

**पुराना नाम-नवीता बाई पत्नी श्री उपेन्द्र (NAVEETA BAI W/O UPENDRA)**

**नया नाम-बबीता राजपूत पत्नी श्री उपेन्द्र (BABITA RAJPUT W/O UPENDRA)**

भवदीय
बबीता राजपूत पत्नी श्री उपेन्द्र
निवासी-ग्राम बोरास, तह. उदापुरा, जिला रायसेन, म.प्र.

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मैं राजेश श्रीवास्तव पिता सुन्दरलाल निवासी 279, सुदामा नगर जिला भोपाल म.प्र. हूँ। मेरे पुत्र का नाम उसके आधार कार्ड में त्रुटिवश प्रयांशु श्रीवास्तव पिता राजेश श्रीवास्तव दर्ज हो गया हैं, जो की गलत हैं। मेरे पुत्र का वास्तविक सही नाम प्रियांशु श्रीवास्तव (PRIYANSHU SHRIVASTAVA) पिता राजेश श्रीवास्तव (RAJESH SHRIVASTAVA) हैं, जो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज होने से प्रमाणित हैं जिसे मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड / शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो में दर्ज कराना चाहता हूँ। प्रियांशु श्रीवास्तव (PRIYANSHU SHRIVASTAVA) पिता राजेश श्रीवास्तव (RAJESH SHRIVASTAVA) व प्रयांशु श्रीवास्तव पिता राजेश श्रीवास्तव दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात् मेरे पुत्र के ही हैं।

प्रकाशन उपरांत मेरे पुत्र को प्रियांशु श्रीवास्तव (PRIYANSHU SHRIVASTAVA) पिता राजेश श्रीवास्तव (RAJESH SHRIVASTAVA) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

**पुराना नाम-प्रयांशु श्रीवास्तव पिता राजेश श्रीवास्तव**

**नया नाम-प्रियांशु श्रीवास्तव (PRIYANSHU SHRIVASTAVA) पिता राजेश श्रीवास्तव (RAJESH SHRIVASTAVA)**

### आम सूचना/नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आरिफ पिता गफ्फार आयु वयस्क निवासी वार्ड नं. 12, वारी खेल, सारंगपुर, सारंगपुर, राजगढ (म.प्र.) है। परन्तु मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम रानी बी पुत्री शाहजहा बी (RANI BEE D/O SHAHAJAHA BEE) अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरी पुत्री का वास्तविक सही नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज होने से प्रमाणित है।

प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का नाम आसिया बी पुत्री आरिफ (AASIYA BEE D/O ARIF) के नाम से जाना, पहचाना व पढा जावें।

**पुराना नाम-रानी बी पुत्री शाहजहा बी (RANI BEE D/O SHAHAJAHA BEE)**

**नया नाम-आसिया बी पुत्री आरिफ (AASIYA BEE D/O ARIF)**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम SUNIL KUMAR JAISWANI था। जो कि मेरी दसवीं की मार्कशीट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर SUNIL JAISWANI हो गया है। अतः अब मुझे SUNIL JAISWANI S/O SHRICHAND JAISWANI के नाम से जाना व पहचाना जाए।

ADDRESS : H. NO.105, LAL MATI, NEAR SINDHI GURUDWARA, DWARKA NAGAR, KANCHGHAR, JABALPUR, MADHYA PRADESH, 482001, INDIA

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं वीपी मरावी पिता श्री मंगलेशवर मरावी निवासी - सरवाही तह.- जिला - डिंडोरी म.प्र. मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम कुमारी पी. वी. देवी पिता मंगलेशवर त्रुटिवंश दर्ज हो गया है, जो कि गलत है , मेरा सही नाम सभी शैक्षणिक दस्तावेजों व जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है, जो कि सही व सत्य है, अतः प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड व सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में नाम वीपी मरावी (Vipi Maravi) पिता श्री मंगलेशवर मरावी (Mangleshwar Maravi) के नाम से जाना-पहचाना व लिखा- पढ़ा,दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम-कुमारी वी. पी. देवी पिता मंगलेशवर Kumaree V. P. Devee D/o Mangleshvr**

**नया नाम-वीपी मरावी पिता मंगलेशवर मरावी Vipi maravi D/o Mangleshwar Maravi**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं रवीना उईके पति संदीप उईके, निवासी- रतेड़ाखुर्द, तह. - आमला जिला - बैतूल म.प्र। मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम अजय त्रुटिवंश दर्ज हो गया है ,जो कि गलत है , मेरा सही नाम मेरे परिचय पत्र व विवाह रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र में रवीना उईके दर्ज है, जो कि सही व सत्य है, अतः प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड व सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजो में मेरा सही नाम रवीना उईके (Ravina Uikey) w/o संदीप उईके (Sandip Uikey) के नाम से जाना-पहचाना व लिखा-पढा, दर्ज किया जावे

**पुराना नाम-अजय पति संदीप उईके Ajay W/o Sandip Uikey**

**नया नाम-रवीना उईके पति संदीप उईके Ravina Uikey w/o Sandip Uikey**

### आम सूचना/नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम दिनेश कुमार मोदी पिता नारायणदास आयु वयस्क निवासी- मेन रोड बस स्टैंड भोमा, पोस्ट भोमा, भोमा कन्हीवाडा, सिवनी (म.प्र.) है। परन्तु मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम दिनेश कुमार अग्रवाल पिता नारायण प्रसाद अग्रवाल (DINESH KUMAR AGRAWAL S/O NARAYAN PRASAD AGRAWAL) अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक सही नाम मेरे ड्रायविंग लायसेंस एवं वोटर आईडी कार्ड में दर्ज होने से प्रमाणित है। मैं अपना वास्तविक सही नाम दिनेश कुमार मोदी पिता नारायणदास (DINESH KUMAR MODI S/O NARAYANDAS) मेरे आधार कार्ड में दर्ज करवाना चाहता हूँ।

प्रकाशन उपरांत मेरा नाम दिनेश कुमार मोदी पिता नारायणदास (DINESH KUMAR MODI S/O NARAYANDAS) के नाम से जाना, पहचाना व पढ्न जावें।

**पुराना नाम-दिनेश कुमार अग्रवाल पिता नारायण प्रसाद अग्रवाल (DINESH KUMAR AGRAWAL S/O NARAYAN PRASAD AGRAWAL)**

**नया नाम-दिनेश कुमार मोदी पिता नारायणदास (DINESH KUMAR MODI S/O NARAYANDAS)**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम DURGESH MEHTA था। जो मेरी मार्कशीट में अंकित है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर DURGESH KUMAR MEHTA हो गया है। अतः अब मुझे DURGESH KUMAR MEHTA के नाम से जाना व पहचाना जाए।

ADDRESS : 316- B, Narth Musakhedi, Indore, Madhya Pradesh- 452001

### न्यायालय नायब तहसीलदार राजधानी परियोजना टी टी नगर भोपाल

(शेड नं. 06 बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल)

प्र.क्र.0014/अ-6/2026-27

**//इश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्री अभय बापट आ. श्री मधुसुदन बापट, श्री अपूर्व बापट आ. श्री अभय बापट निवासीगण 39, चाणक्यपुरी, चूनाभट्टी कोलार रोड भोपाल एवं श्रीमती सायली चिताम्बरे पत्नी श्री राहुल चिताम्बरे पुत्री स्व. श्रीमती मंगला बापट निवासी-367, लोकमान्य नगर फ्लैट नम्बर-202, आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने इंदौर द्वारा ग्राम चूनाभट्टी स्थित खसरा नंबर 47, 48/114/47/3 एवं 50 का अंश भाग क्षेत्रफल 1500 वर्गफिट का फौती नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकरण में 07 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
टी.टी.नगर वृत्त भोपाल

## कार्यालय नगरपालिका परिषद बिजुरी, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

Phone/Fax No.: 07658-264242, E-mail: cmobijuri@mpurban.gov.in

क्र. 2218/न.पा./लो.नि./2026 — बिजुरी, दिनांक 07/05/2026

### -: ई-निविदा आमंत्रण सूचना :-

एतद् द्वारा पंजीकृत फर्म/ठेकेदार, को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य हेतु निकाय द्वारा आयटम रेट आधारित ई-निविदाएं आमंत्रित की गई है।

| क्र. | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD_505369_1 | Inviting RateofContract for Flex Materials for various events and programs at Municipal Council Bijurifor Year 2026-27 | 40.00 लाख | 30000.00 | 5000.00 | 08/06/2026 (17:30 HRS) |
| 2 | 2026_UAD_505292_1 | Inviting Rate of Contractfor Construction Related Maintenance Materials at Municipal Council Bijuri for Year 2026-27 | 90.00 लाख | 67500.00 | 10000.00 | 08/06/2026 (17:30 HRS) |
| 3 | 2026_UAD_505239_1 | InvitingRateofContract forCleaning Materials at Municipal Council Bijuri forYear 2026-27 | 50.00 लाख | 37500.00 | 5000.00 | 08/06/2026 (17:30 HRS) |
| 4 | 2026_UAD_505295_1 | Inviting Rate of ContractforElectrical Materials for all Electrical Maintenance workat Municipal Council BijuriforYear 2026-27 | 90.00 लाख | 67500.00 | 10000.00 | 08/06/2026 (17:30 HRS) |
| 5 | 2026_UAD_505122_1 | Inviting Rate of Contractfor Handpump Materialsfor all Handpump Maintenance work at Municipal Council Bijuri forYear 2026-27 | 50.00 लाख | 37500.00 | 5000.00 | 08/06/2026 (17:30 HRS) |
| 6 | 2026_UAD_505289_1 | Inviting Rate of Contractfor Motor Pumps repair Works for all types of motor pumps available at Municipal Council Bijuri forYear 2026-27 | 40.00 लाख | 30000.00 | 5000.00 | 08/06/2026 (17:30 HRS) |
| 7 | 2026_UAD_505293_1 | Inviting RateofContractfor Supplyof Varioustypes of motor pumps for water supplywork at Municipal Council Bijuri for Year 2026-27 | 50.00 लाख | 37500.00 | 10000.00 | 08/06/2026 (17:30 HRS) |
| 8 | 2026_UAD_505294_1 | Inviting RateofContract for Tent Materials at Municipal Council Bijuri forYear 2026-27 | 40.00 लाख | 30000.00 | 5000.00 | 08/06/2026 (17:30 HRS) |
| 9 | 2026_UAD_505105_1 | Inviting Rate of Contractfor Water Purification Material at Municipal Council Bijuri forYear 2026-27 | 90.00 लाख | 67500.00 | 10000.00 | 08/06/2026 (17:30 HRS) |
| 10 | 2026_UAD_505113_1 | Inviting Rate of Contractfor Water Supply Materials for all Water Supply Maintenance work at Municipal Council Bijuri forYear 2026-27 | 90.00 लाख | 67500.00 | 10000.00 | 08/06/2026 (17:30 HRS) |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट (https://mptenders.gov.in) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् बिजुरी
जिला-अनूपपुर (म.प्र.)